ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 26] [ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 4

Total No. of Questions : 26] [Total No. of Printed Pages : 4

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 318-H (RS)

Code No. : 318-H (RS)

ಡಿ.ಎಲ್.ಎಡ್. ಪ್ರಥಮ ವರ್ಷ

D.El.Ed. FIRST YEAR

ಕಲಿಕೆಯನ್ನು ಅನುಕೂಲಿಸುವುದು (ಕಿ.ಪ್ರಾ.ಶಾ.) — ಪರಿಸರ ಅಧ್ಯಯನ

FACILITATING LEARNING (LPS) — ENVIRONMENTAL STUDIES

(ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ)

(Hindi Version)

(ಪರಿಷ್ಕೃತ ಪಠ್ಯವಸ್ತು)

(Revised Syllabus)

ದಿನಾಂಕ : 21. 05. 2019]

Date : 21. 05. 2019]

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10.00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1.00 ರವರೆಗೆ] [ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 60

Time : 10.00 A.M. to 1.00 P.M.] [Max. Marks : 60

ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ

Register Number of the Candidate

भाग - I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं । सर्वाधिक उपयक्त उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 10 × 1 = 10

1. बच्चा का संप्रेषण कौशल बढ़ाने में कौन-सा क्षेत्र अधिक मददगार होगा ?

   (A) भौतिक (B) सामाजिक

   (C) भाषायी (D) संज्ञानात्मक ।

2. EVS सम्मिश्र अध्ययन क्षेत्र के रूप में .... से आता है ।

   (A) सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा गणित

   (B) सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा पर्यावरण शिक्षा

   (C) सामाजिक विज्ञान, गणित तथा पर्यावरण शिक्षा

   (D) विज्ञान, गणित तथा पर्यावरण शिक्षा ।

3. 18 दिसम्बर, 2003 को विद्यालय स्तर पर पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में कौन जनहित याचिका दायर किये थे ?

(A) एम० सी० मेहता (B) यशपाल

(C) जे० कृष्णमूर्ति (D) अरविन्द ।

4. EVS में शिक्षण-अधिगम का मुख्य लक्ष्य है

(A) पर्यावरणीय समस्याओं पर ध्यान न देना

(B) नकारात्मक कार्यों को बढ़ावा देना

(C) पर्यावरण से संबंधित अनुमान समस्याओं का नहीं देना

(D) बच्चों को दुनिया के वास्तविक जीवन की दुनिया से उद्भासित करना ।

5. वास्तविक जलीय पारिस्थितिकी का अच्छा संसाधन है

(A) एक्वेरियम

(B) जलीय पारिस्थितिकी का चार्ट

(C) तालाब का परिवेश

(D) OHP तस्वीरें ।

6. अधिगम के पर्यावरणीय आधार जो शिक्षक योजना बनाता है तथा संगठन करता है, पढ़ाने के लिए कुछ नियमों का उपयोग करता है, वह है

(A) ज्ञात से अज्ञात (B) सरल से जटिल

(C) क्रियाकलाप आधारित (D) इनमें से सभी ।

7. प्रकृति का सौंदर्यपरक मूल्य में निम्नलिखित कारकों में से कौन है ?

(A) पर्यावरण की विषय-वस्तुओं का उपयोग

(B) पर्यावरण की विषय-वस्तुओं की प्रसंशा

(C) पर्यावरण की विषय-वस्तुओं का वर्गीकरण

(D) पर्यावरण की विषय-वस्तुओं की जानकारी ।

8. धारणीय पर्यावरण की रख-रखाव में हमारे उत्तरदायित्व की स्वीकारोक्ति है

(A) भावी पीढ़ी की उत्तरजीविता के लिए

(B) आर्थिक विकास की प्रगति के लिए

(C) जानवरों के लिए भोजन की उपलब्धता के लिए

(D) बच्चों की पहचान के संसाधन के लिए ।

9. निम्नलिखित में से कौन तरल अजैव संसाधन से प्राप्त होता है ?
   (A) दूध (B) पेट्रोल
   (C) खाद्य तेल (D) जल ।

10. निम्न प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 'जैविक विश्व' (Animal World) विषय पढ़ाते समय सबसे अधिक प्रभावी संसाधन प्रयुक्त किया जा सकता है
   (A) जैविक विश्व पर विडियो (B) चित्रों को डिस्प्ले करना
   (C) समाचार पत्र का लेख (D) पाठ्यपुस्तकें ।

भाग - II

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **आधा** पृष्ठ से अधिक न हो : $5 \times 2 = 10$

11. किसी बच्चे के अधिगम निर्गमों को प्रभावित करने हेतु एक शिक्षक की विशेषताएँ क्या हैं ?
12. पर्यावरण में सजीव एवं निर्जीव घटकों के बीच परस्पर निर्भरता के लिए प्राकृतिक चक्र के उदाहरण क्या हैं ? उनमें स किसी एक का संक्षेप में वर्णन करें ।
13. निम्न प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 'जल' इकाई पर स्मरण करने से संबंधित दो विशिष्ट उद्देश्यों को लिखें ।
14. सम्मिश्र अध्ययन क्षेत्र के रूप में EVS का विश्लेषण करें ।
15. बच्चों में पर्यावरण के बारे में आलोचनात्मक सोच कैसे विकसित की जाती है ?
16. "स्थानीय बाजार (Santhe) का पर्यावरण पर प्रभाव" इस विषय का कक्षाकक्ष में कैसे उपयोग किया जा सकता है, उसका विश्लेषण करें ।
17. प्राथमिक स्तर में 'ग्रामीण / समुदाय' विकास इकाई के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न तैयार करें ।
18. आपके विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए औपचारिक तथा अनौपचारिक वक्तव्यों की कोई दो भूमिकाएँ लिखें ।

भाग - III

निम्नलिखित प्रत्येक के लिए **एक** विकल्प प्रश्न है । उनमें से (a) या (b) किसी **एक** का उत्तर एक **पृष्ठ** के अंतर्गत दीजिए : $8 \times 5 = 40$

19. (a) "पर्यावरण में भौतिक एवं जैविक घटकों में परस्पर निर्भरता बहुत ही प्रमुख है ।" वर्णन करें ।

अथवा

   (b) अल्पवयस्क शिक्षार्थी की पाँच उपयुक्त विशेषताओं की सूची बनाएँ तथा संक्षेप में वर्णन करें ।

20. (a) प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के रूप में पर्यावरण शिक्षा का प्रवर्तन के कारणों की सूची बनाएँ ।

अथवा

(b) NCF, 2005 पर आधारित NCERT पाठ्यक्रम में EVS के उद्देश्यों का उल्लेख करें ।

21. (a) EVS में NCF, 2005 के मूलाधार पाँच मार्गदर्शक सिद्धांतों को लिखें तथा उपयुक्त उदाहरण द्वारा किसी एक का विश्लेषण करें ।

अथवा

(b) " 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय दर्शनशास्त्र का मौलिक पर्यावरणोय महत्व है ।" इस कथन की व्याख्या करें ।

22. (a) शिक्षण क्रियाकलाप को अनुभव आधारित बनाने के चार लाभों की सूची बनायें । किन्हीं दो का वर्णन करें ।

अथवा

(b) EVS में विषय-वस्तु के कथ्यपरक संगठन के लाभों का वर्णन करें ।

23. (a) "शिक्षार्थियों की समझ में सामूहिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में विचारावेश लाभदायक होता है ।" स्पष्ट करें ।

अथवा

(b) " EVS को सरल बनाते समय समूह क्रियाकलाप के रूप में कहानी विधि का उपयोग कर सकते हैं ।" इस कथन का मूल्यांकन करें ।

24. (a) EVS में मूल्यांकन के उद्देश्य क्या हैं ? क्यों ?

अथवा

(b) अपने अभ्यास शिक्षण के लिए EVS में रचनात्मक तथा समाकलित मूल्यांकन के बारे में कुछ विचारों की योजना आप कैसे बनाएँगे ?

25. (a) EVS कक्षा में प्रकृति को एक स्रोत के रूप में उपयोग करने के लिए बच्चों में कोई पाँच अवधारणाएँ आप कैसे विकसित करेंगे ? संक्षेप में समझाएँ ।

अथवा

(b) EVS शिक्षण में प्राकृतिक संसाधन सामग्रियों क उपयोग की चर्चा उपयुक्त उदाहरणों द्वारा करें ।

26. (a) 'पौधा अध्ययन' के लिए बच्चों को भेजने से पहले कौन-कौन से निर्देश दिये जाने चाहिये ?

अथवा

(b) एक प्राथमिक विद्यालय के EVS शिक्षक के रूप में पर्यावरण संसाधन कोना (corner) की डिजाइन आप कैसे करेंगे ?